CAREERINDIA

# S.S.C. PUBLIC EXAMINATIONS

**HINDI (First Language)**

**MODEL PAPER**

**Time : 3 hrs. 15 min.** **Max. Marks : 100**

**सूचना :** 1. प्रश्न पत्र में दो भाग है A & B ।
2. भाग A में - अर्थग्राह्यता, अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता है ।
3. भाग B में - भाषा की बात है ।
4. प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।
5. उत्तर लिखने के लिए 3 : 00 घंटे का समय निर्धारित है ।
6. भाग A & B के सभी उत्तर, उत्तर पुस्तिक में ही लिखिए ।

## भाग - I

### I. अर्थग्राहयता - प्रतिक्रिया : (32 M)

**1. निम्नलिखित परिचित पद्यों में से किसी एक पद्य को पढ़कर, पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** 8 M

सुर-लोक यहीं पर, सुख - ओक हैं यहीं पर,
स्वाभाविकी सुजनता गत-शोक है यहीं पर,
शुचिता, स्वधर्म-जीवन, बेरोक है यहीं पर,
भव - मोक्ष का यहीं पर अनुभव भी आ रहा है ।

**प्रश्न :**

अ) यहाँ पर किन 'लोक' के बारे में बताया गया है ?

आ) यहाँ पर बेरोक क्या प्राप्त है ?

इ) हमें किस बात का अनुभव आ रहा है ?

ई) ये पंक्तियों किस पाठ से ली गई है ?

(या)

रे नृपबालक कालबस बोलत तोहि सँभार ।
धनुही सम त्रिपुरारिधनु बिदित सकल संसार ।।
लखन कहा हसि हमरे जाना । सुनहु देव सब धनुष समाना ।
का छति लाभु जून धनु तोरें । देखा राम नयन के भोरें ।।

www.careerindia.com

**प्रश्न :**

क) इस कविता में रामायण के किस पात्रों के नाम बताया गया है ?

ख) नयन के भौरे कौन है ?

ग) सकल - शब्द का अर्थ क्या होगा ?

घ) उपरोक्त पंक्तियाँ किस कविता पाठ से ली गई है ?

**2. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

इन महानगरों में मेरी भेंट कई महिलाओं से हुई । इन से जब मैंने पूछा कि उनके बच्चे खेलने - कूदने कहाँ जाते है तो उन्होंने मुझसे कहा कि यही तो हमारी सबसे बडी समस्या है । हमारे बच्चों के लिए शहर में खेलने कूदने की जगह है ही कहाँ । जो भी खुली जगह थी, वहाँ लोगो ने या तो मॉल्स बना लिए या फिर उसे पार्किंग एरिया घोषित कर दिया था फिर बिल्डर मुनाफ़ा कमाने के लिए इमारतें बनाने के लिए टूट पड़े। बच्चों के खेलने की जगहों को इस तरह एक के बाद एक समाप्त करना निराशाजनक है । शहरों में खेल के लिए स्थान समाप्त होते जाने के कारण बच्चों को खेलने के लिए अक्सर सडक पर निकलना पड़ता है जो खतरनाक होता है ।

**प्रश्न :** **4 × 2 = 8 M**

अ) महानगरों में किससे भेंट हुई है ?

आ) यहाँ पर सबसे बडी समस्या क्या बताई गई है ?

इ) खुली जगहों में क्या हो रहा है ?

ई) बच्चों के लिए क्या खतरनाक साबित हो सकता है ?

**3. निम्नलिखित वाक्यों को किसने, किससे, कब, क्यों कहा ? :** **4 × 2 = 8 M**

अ) मानव नाम का प्राणी आता ही होगा । (किसने कहा ?)

आ) देखलो तुम भी इस पागल पशु को । (किससे कहा ?)

इ) इसमें हजारों हाइड्रोजन बमों की शक्ति है । (किसने, किससे कहा ?)

ई) मानव मानेगा हमारा संदेशा ? (किसने कब कहा ?)

**4. अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों का उत्तर दीजिए :**

व्यक्ति और समाज का आपस में गहरा संबंध है । व्यक्तियों के समूह से ही समाज बनता है । व्यक्ति और समाज दोनों एक दूसरे के परिचायक है । व्यक्ति के समाज के प्रति अनेक कर्तव्य है । उसे समाज के नियमों का पालन करना पड़ता है । व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह कोई भी काम ऐसा न करे जिससे समाज की व्यवस्था मे बाधा पड़े । व्यक्ति का निर्माण समाज का निर्माण है । व्यक्ति कारण है तो समाज कार्य है । अतः जिस समाज मे रहनेवाले व्यक्ति जितने सभ्य होंगे वह उतना ही सभ्य माना जायेगा । उत्तम नागरिक वही है जो कर्तव्यों का तत्परता से पालन करें और दूसरों की सुविधा का ध्यान रखें ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**प्रश्न :** **4 × 2 = 8 M**

अ) किनके बीच में गहरा संबंध है ?

आ) समाज किसे कहते है ?

इ) उत्तम नागरिक कौन है ?

ई) किस शब्द का अर्थ ''विघ्न'' होगा ?

## भाग - II

## II. अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता : (36 M)

### अ) निम्नलिखित तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 × 4 = 12 M

5) राम-लक्ष्मण - परशुराम संवाद के कवि तुलसीदास जी का परिचय दीजिए ।

6) 'कन्यादान' पाठ का मुख्य उद्धेश्य स्पष्ट कीजिए ।

7) हनुमानप्रसाद जी के स्वभाव का परिचय दीजिए ।

### आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 × 8 = 24 M

8) अ) बेटी को आत्मविश्वासी बनाने में माँ की भूमिका महत्वपूर्ण होती है - कथन की पुष्टी कन्यादान पाठ के आधार पर कीजिए ।

(या)

आ) अन्वेषण कविता में कवि भगवान को प्राप्त करने की अपनी असमर्थता को किस प्रकार व्यक्त कर रहे है ?

9) अ) दोनों भाइयों के स्वभाव का परिचय देते हुए, बताइये कि आपको किसका स्वभाव अनुकरणीय है, क्यों ?

(या)

आ) साये कहानी के आधार पर मानवीय संबंधी के बारे में बताइये ।

10) अ) बिजली की व्यवस्था को सुचारू करने की मांग करते हुए बिजली विभाग के अधिकारी को पत्र लिखिए ।

(या)

आ) ''यदि मैं प्रधानमंत्री होता'' - अपने विचार व्यक्त कीजिए । अनुच्छेद लिखिए ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

# भाग - B

## III. भाषा की बात :

11. मम प्रेम - पाणि - पल्लव - अवलंबनीय भारत - **सही अलंकार पहचानिए ।** 2 M ( )

A) अनुप्रास अलंकार B) यमक अलंकार C) रूपक अलंकार D) श्लेष अलंकार

12. शुचि भाल पै हिमाचल । - **छंद की गणना करके लिखिए**

13. अ) तू रूप है किरण में, सौंदर्य है सुमन में । - **रेखांकित का सही शब्द पहचानिए ।** 2 M ( )

A) नक्षत्र B) सूर्य C) पुष्प D) चाँद

आ) उस व्यक्ति में अद्‌भुत शक्ति है । - **रेखांकित का सही अर्थ लिखिए ।**

14. अ) सभी अचरज में पड़ गये । - **रेखांकित का सही तत्सम रूप पहचानिए ।** 2 M ( )

A) आवेदन B) आश्चर्य C) आचार्य D) आवेश

आ) ''हाथ'' का तत्सम रूप लिखिए ।

15. अ) मकान काष्ठ के बने होते हैं । - **रेखांकित शब्द का तद्‌भव रूप लिखिए ।**

आ) संध्या में दीपक जलकर स्वागत किया । - **रेखांकित का तद्‌भव रूप पहचानिए ।** 2 M ( )

A) संयम B) सायंत्र C) सांझ D) समस्या

16. अ) इन दोनों का रास्ता अलग है । - **सही पर्यायवाची पहचानिए ।** 2 M ( )

A) बाट, राह, पथिक B) पथ, पेथी, मार्गदर्शन

C) पथ, मार्ग, राह D) मार्ग, राही, बार

आ) सुनो महीप कुमारा - **रेखांकित शब्द का पर्यायवाची लिखिए ।** 2 M ( )

17. अ) यह रमेश का घर है । - **वाक्य को प्रश्नवाचक में बदलकर लिखिए ।**

आ) अपनी किस्मत को मत कोसना - **कौन सा वाक्य है पहचानिए ।** 2 M ( )

A) प्रश्नवाचक B) निषेधात्मक C) विधानार्थक D) आज्ञार्थक

18. अ) आप यह काम करो । - **नकारात्मक रूप में वाक्य को लिखिए ।**

आ) निम्न में से नकारात्मक वाक्य को पहचानिए । 2 M ( )

A) बच्चे खेल रहे हैं । B) बच्चे शोर कर रहे हैं ।

C) बच्चे शोर मत करो । D) बच्चे शोर करो ।

19. अ) दांत खट्टे कर देना - **का सही अर्थ पहचानिए ।** 2 M ( )

A) खट्टा खिलाना B) हार जाना C) शोर मचाना D) पराजित करना

आ) ''मान न मान मैं तेरा मेहमान'' जैसा खैया है लोगों का । - **रेखांकित मुहावरे का अर्थ लिखिए ।**

www.careerindia.com

20. घर में <u>एकता</u> हो - (**रेखांकित का विलोम शब्द लिखिए**) 1 M (   )

21. विसर्ग संधि का उदाहरण दीजिए । 1 M (   )

22. धर्मावलंबी - **का सही संधि पहचानिए** । 1 M (   )

A) धर्मा + वलंबी  B) धर्म + वलंबी  C) धर्म + अवलंबी  D) धर्म + आवलंबी

23. तत्पुरुष समास का एक उदाहरण दीजिए । 1 M (   )

24. चौराहा - **कौनसा समास का उदाहरण होगा पहचानिए** । 1 M (   )

A) तत्पुरुष  B) द्विगु  C) कर्मधारय  D) अव्ययीभाव

25. मनुष्य - दृष्टि - सब - ऊपर कर्म होना चाहिए - (**उचित कारक से पूर्ति कीजिए**) 1 M (   )

26. हम <u>यात्रा</u> करते हैं । - (**रेखांकित शब्द का बहुवचन लिखिए**।) 1 M (   )

27. अब्दुल कलाम जी <u>विद्वान</u> थे । - (**रेखांकित का विलोम पहचानिए**।) 1 M (   )

A) विदुर्ण  B) विदुष  C) विदूषी  D) विद्वेशी

28. भारत ने महत्वपूर्ण मैच हरा - (**भविष्य काल में वाक्य को लिखिए**।) 1 M (   )

29. मैं अपना काम स्वयं करता हूँ - (**वाच्य बदलकर लिखिए**।) 1 M (   )

30. राधा के द्वारा गीत गाया जाता है । - (**सही वाक्य पहचानिए** ।) 1 M (   )

A) भाववाच्य  B) कर्मवाच्य

C) कर्तवाच्य  D) कोई नहीं

31. माँ ने खाना नही खाया - (**कौन सा वाक्य है ? पहचानिए** ।) 1 M (   )

A) सरल  B) सेभुक्त

C) मिश्रित  D) आक्षार्थक

32. एक फूलों का गुच्छा ला दीजिए - (**शुद्ध वाक्य पहचानिए** ।) 1 M (   )

A) एक गुच्छा फूलों का ला दीजिए  B) एक फूलों का गुच्छा ला दो ना

C) फूलों का एक गुच्छा ला दीजिए  D) फूलों को ला दीजिए एक गुच्छा

33. रात में भौंकने वाला कुत्ता मर गया - (**सही पदबंध पहचानिए** ।) 1 M (   )

A) विशेषण पदबंध  B) सज्ञा पदबंध

C) सर्वनाम पदबंध  D) क्रिया पदबंध

CAREERINDIA
www.careerindia.com

CAREERINDIA

S.S.C. Examinations - First Language (Hindi)

# BLUE PRINT FOR MODEL PAPER - 2023 - 2024

**SUBJECT : HINDI (First Language)** **Max. Marks : 100** **Time : 3 Hrs. 15 Mins**

## I. शैक्षिक मानक - विषय (भार) सूचि

| क्र.सं. | शैक्षिक मानक | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया | 32 | 32% |
| 2. | अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता | 36 | 36% |
| 3. | भाषा की बात | 32 | 32% |
| | कुल | 100 | 100% |

## II. विद्या / पाठ्य - भार सूचि / विषय - भार तालिका

| क्र.सं. | पाठ्य भाग / विषय | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | पद्य | 20 | 20% |
| 2. | गद्य [परिचित, अपरिचित मिलाकर] | 20 | 20% |
| 3. | उपवाचक | 20 | 20% |
| 4. | पद्य / गद्य में से सृजनात्मक प्रश्न | 08 | 08% |
| 5. | भाषा की बात | 32 | 32% |
| | कुल | 100 | 100% |

## III. प्रश्नरूप - भार तालिका

| क्र.सं. | प्रश्नस्वरूप | प्रश्न संख्या | अंक | कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निबंधात्मक प्रश्न | 07 | 08 | 56 | 56% |
| 2. | लघु प्रश्न | 03 | 04 | 12 | 12% |
| 3. | अति लघु प्रश्न | 09 | 02 | 18 | 18% |
| 4. | लक्ष्यात्मक प्रश्न वस्तुनिष्ठ | 14 | 01 | 14 | 14% |
| | कुल | 33 | | 100 | 100% |

www.careerindia.com

## IV. 10 वी कक्षा - प्रथम भाषा - हिंदी BLUE PRINT (परीक्षा योजना) 2023-2024

| क्र.सं | पाठ्यक्रम | अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया 32 अंक | | | अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता 36 अंक | | | भाषा की बात 32 अंक | | | कुल | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | निबंधात्मक | लघु | वस्तुनिष्ठ | निबंधात्मक | लघु | वस्तुनिष्ठ | लघु | अतिलघु | वस्तु निष्ठ | निबंधात्मक | लघु | अति लघु | वस्तु निष्ठ |
| 1. | पद्य | $(8)^1$ | | | $(8)^1$ | $(4)^1$ | | | | | $(8)^2$ | $(4)^1$ | | |
| 2. | गद्य | $(8)^2$ | | | | $(4)^1$ | | | | | $(8)^2$ | $(4)^1$ | | |
| 3. | उपवाचक | $(8)^1$ | | | $(8)^1$ | $(4)^1$ | | | | | $(8)^2$ | $(4)^1$ | | |
| 4. | पद्य / गद्य में से सृजनात्मक प्रश्न | | | | $(8)^1$ | | | | | | $(8)^1$ | | | |
| 5. | भाषा की बात | | | | | | | | $(2)^9$ | $(1)^{14}$ | | | $(2)^9$ | $(1)^{14}$ |
| | | 32 | | | 24 | 12 | | | 18 | 14 | 56 | 12 | 18 | 14 |

सूचना : कोष्टक के भीतर प्रश्न के अंक है और कोष्टक के बाहर प्रश्न संख्या हैं ।